# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2013

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2013

## (ANNUAL / वार्षिक)

# SOCIOLOGY

BiharboardQuestionpaper.com

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

SECTION - A

1. निम्नलिखित प्रश्न संख्या 1 से 25 के चार उत्तर दिये गये हैं, जिनमें सिर्फ एक विकल्प (उत्तर) ही सही है। सही उत्तर को चुनें:

1. राष्ट्रवाद का अर्थ

(a) सामान्य सामाजिक पृष्ठभूमि

(b) सामान्य जाति पृष्ठभूमि

(c) सामान्य भौगोलिक पृष्ठभूमि

(d) इनमें से कोई नहीं

2. निम्नलिखित में से कौन भारतीय समाज की विशेषता है ?

(a) अनेकता में एकता

(b) संस्कारों द्वारा समाजीकरण

(c) पुरुषार्थ

(d) इनमें से सभी

3. संथाल विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था ?

(a) जतरा भगत

(b) बिरसा मुंडा

(c) सिद्धू कान्हू

(d) करिया मुंडा

4. संस्कृतिकरण की अवधारणा किसने विकसित की ?

(a) एस. सी. दुबे

(b) एम. एन. श्रीनिवास

(c) सच्चिदानन्द सिन्हा

(d) योगेन्द्र सिंह

5. पंचायती राज में कितने स्तर हैं ?

(a) दो

(b) तीन

(c) चार

(d) पाँच

6. 'चाचा' नातेदारी के किस श्रेणी के अंतर्गत आता है ?

(a) प्राथमिक

(b) द्वितीयक

(c) तृतीयक

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

7. नई राष्ट्रीय जनसंख्या नीति कब घोषित की गयी ?

(a) 1999 ई.

(b) 2000 ई.

(c) 2001 ई.

(d) 2002 ई.

8. निम्न में से कौन परिवार की विशेषता है ?

(a) सार्वभौमिकता

(b) सीमित आकार

(c) भावनात्मक आधार

(d) इनमें से सभी

9. निम्न में से किस आन्दोलन का संबंध पर्यावरण समस्याओं से जुड़ा हुआ है ?

(a) दलित आंदोलन

(b) आदिवासी आंदोलन

(c) चिपको आंदोलन

(d) पिछड़ी जाति आंदोलन

10. सीटू किस राजनैतिक दल से जुड़ा है ?

(a) कांग्रेस

(b) बी० जे० पी०

(c) सी० पी० एम०

(d) सी० पी० आई०

BiharboardQuestionpaper.com

11. संविधान के कौन-से संशोधनों के द्वारा स्थानीय स्वशासन निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की कोशिश की गई है ?

(a) 51वाँ एवं 52वाँ

(b) 73वाँ एवं 74वाँ

(c) 81वाँ एवं 82वाँ

(d) इनमें से कोई नहीं

12. जातीय पूर्वाग्रह का क्या अर्थ है ?

(a) जाति वर्गीकरण

(b) किसी जाति में प्रवेश पाने के लिए किया गया प्रयास

(c) जाति संघर्ष

(d) किसी जाति से संबंधित अवैज्ञानिक एवं गलत अवधारणा

13. निम्न समूहों में से किसे आप भारत के सबसे छोटे धार्मिक अल्पसंख्यक सम्प्रदाय मानते हैं?

(a) मुस्लिम

(b) ईसाई

(c) सिख

(d) पारसी

14. धर्मनिरपेक्षता का अर्थ क्या है ?

(a) विभिन्न धर्मों का सह-अस्तित्व

(b) अन्य धर्मों के प्रति श्रद्धा

(c) राज्य का अपना कोई धर्म न होना

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

15. भारत का सबसे बड़ा जनजातीय समूह कौन है ?

(a) संथाल

(b) मुंडा

(c) भील

(d) गौंड

16. भूमि सुधार किस राज्य में सर्वाधिक सफल रहा ?

(a) उत्तर प्रदेश

(b) बिहार

(c) पश्चिम बंगाल

(d) मध्य प्रदेश

17. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना कब हुई ?

(a) दिसम्बर 1885 में

(b) दिसम्बर 1857 में

(c) दिसम्बर 1947 में

(d) दिसम्बर 1917 में

18. निम्न में से कौन मंडल आयोग के अध्यक्ष थे ?

(a) बी. पी. मंडल

(b) बिन्देश्वरी दूबे

(c) मंगनीलाल मंडल

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

19. उपनिवेशवाद किस सोच का प्रतिफल है ?

(a) साम्राज्यवाद

(b) समाजवाद

(c) मानवतावाद

(d) अन्तर्राष्ट्रीयता

20. प्रजातंत्र की विशेषता है

(a) कानून की दृष्टि में समानता

(b) सार्वभौमिक मताधिकार

(c) प्रेस की स्वतंत्रता

(d) इनमें से सभी

21. किन्होंने 'सीमांत व्यक्ति' की अवधारणा दी है ?

(a) जॉनसन

(b) मर्टन

(c) पार्सन्स

(d) मार्क्स

22. कब वृद्धों के लिए राष्ट्रीय नीति की घोषणा की गई ?

(a) 1999 ई.

(b) 1998 ई.

(c) 1997 ई.

(d) 2000 ई.

BiharboardQuestionpaper.com

23. भील नामक जनजाति किस राज्य में निवास करती है ?

(a) राजस्थान

(b) बिहार

(c) पश्चिम बंगाल

(d) मध्य प्रदेश

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

24. भारत में राजनीतिक दल को कौन मान्यता देता है ?

(a) राष्ट्रपति

(b) उच्चतम न्यायालय

(c) संसद

(d) चुनाव आयोग

25. भारतीय समाज में सामाजिक स्तरीकरण का बुनियादी आधार क्या है ?

(a) धन एवं सम्पत्ति

(b) जाति

(c) परिवार

(d) धर्म

II. निम्नलिखित प्रश्न संख्या 26 से 30 में दो कथन, कथन (A) एवं कारण (R) दिये गये हैं। कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं नीचे दिये गये चार वैकल्पिक उत्तरों में से जो सही प्रतीत हो, उसे चुनें :

(a) (A) एवं (R) दोनों सही हैं तथा कथन (R), कथन (A) की सही व्याख्या है

(b) (A) एवं (R) दोनों सही हैं परंतु कथन (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन (A) सही है, परन्तु कथन (R) असत्य है।

(d) कथन (A) असत्य है, परन्तु कथन (R) सही है

26. कथन (A) : भारतीय समाज में सामाजिक गतिशीलता का अभाव है।

कारण (R) : भारतीय समाज जाति व्यवस्था पर आधारित है।

27. कथन (A) : विश्व का प्रत्येक समाज इसके सदस्यों की सामाजिक गतिशीलता पर कुछ हद तक रोक लगाती है।

कारण (R) : भारतीय समाज विश्व का सर्वोत्तम समाज है क्योंकि यह सामाजिक गतिशीलता पर सर्वाधिक रोक लगाती है।

28. कथन (A) संयुक्त परिवार व्यवस्था भारतीय समाज में लम्बे समय तक बना हुआ है।

कारण (R) : यह भारतीय समाज को सर्वोत्तम पारिवारिक अवस्था है।

29. कथन (A) : पुरुष स्त्रियों से श्रेष्ठ हैं।

कारण (R) : विश्व का अधिकतर समाज पितृसत्तात्मक है।

30. कथन (A) : भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है।

कारण (R) : यह संसार का सर्वोत्कृष्ट संस्कृति है।

III. प्रश्न संख्या 31 से 34 तक में दो स्तंभ दिए गए हैं। स्तम्भ I में पद प्रश्न दिये गये हैं। आपको स्तम्भ II के विकल्पों में से सही मेल को चुनना है :

| स्तम्भ-I | स्तम्भ-II |
|---|---|
| 31. बहिर्विवाह | (a) हिन्दू धर्म |

BiharboardQuestionpaper.com

32. चचेरे-मौसेरे भाई-बहनों में विवाह (b) नेसफील्ड

33. पुनर्जन्म (c) मुस्लिम समुदाय

34. जाति का प्रकार्यात्मक सिद्धान्त (d) गोत्र

IV. नीचे एक उद्धरण दिया गया है। सावधानी से पढ़ें एवं नीचे दिए गये प्रश्नों के सही उत्तर दिये गये विकल्पों में से ही चुनें :

35 उद्धरण : प्राथमिक समूह से मेरा तात्पर्य आमने-सामने का घनिष्ठ सम्बन्ध तथा सहयोग पर आधारित समूहों से है। यह कई अर्थों में प्राथमिक है, परन्तु मुख्यतः इस अर्थ में कि यह मनुष्य की सामाजिक प्रकृति एवं विचारों को प्रभावित करने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

I. प्राथमिक समूह है एक

(a) औपचारिक समूह

(b) वृहत् समूह

(c) छोटा समूह

(d) इनमें से कोई नहीं

II. प्राथमिक समूह के अंतर्गत

(a) प्रतियोगिता की भावना पायी जाती है

(b) सहयोग की भावना पायी जाती है।

(c) एक निरपेक्ष की भावना पायी जाती है

(d) इनमें से कोई नहीं

III. प्राथमिक समूह की सबसे बड़ी भूमिका है

(a) भोजन की व्यवस्था करना

(b) स्वास्थ्य की रक्षा करना

BiharboardQuestionpaper.com

(c) विचारों एवं व्यक्तित्व का निर्माण करना

(d) इनमें से कोई नहीं

अथवा

निम्न प्रश्नों के एक से अधिक विकल्प सही हो सकते हैं। आप सभी सही विकल्पों को चुनें:

1. वर्ग व्यवस्था की विशेषताएँ हैं।

(a) वंश पर आधारित

(b) प्रतियोगिता

(c) खुलापन

(d) निर्धारित पेशा

II. जाति व्यवस्था की उत्पत्ति से संबंधित महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त हैं।

(a) भौगोलिक सिद्धान्त

(b) प्रजातीय सिद्धान्त

(c) मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त

(d) प्रकार्यात्मक सिद्धान्त

III. समिति की विशेषताएँ हैं

(a) सीमित हितों की पूर्ति के लिए निर्माण

(b) नियमों की व्यवस्था

(c) व्यक्तियों का समूह

(d) गतिहीन प्रकृति

SECTION - B

इस खण्ड के प्रश्न लघु उत्तरीय कोटि के हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न तीन अंक का है :

BiharboardQuestionpaper.com

1. सामाजिक आंदोलन का क्या अर्थ है ?

2. आधुनिकीकरण की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा करें।

3. भारत में हरित क्रांति की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा करें।

4. भारत में नगरीकरण की प्रमुख प्रवृत्ति की चर्चा करें।

5. भारतीय जाति व्यवस्था पर पड़नेवाले औद्योगिकीकरण के प्रभावों की चर्चा करें।

6. भारतीय समाज में भूमि-सुधार के प्रमुख कदमों की चर्चा करें।

7. भारतीय समाज में प्रांतीयता की समस्या की चर्चा करें।

8. भारतीय समाज में धर्मनिरपेक्षता की आवश्यकता की चर्चा करें।

9. जनांकिकी की परिभाषा दें।

10. दबाव समूह की अवधारणा का वर्णन करें।

इस खण्ड के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय कोटि के हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न छः अंक का है

11. महिला आंदोलन पर एक समाजशास्त्रीय निबंध लिखें।

12. भारतीय समाज में लिंग-भेद के परिणामों की चर्चा करें।

13. भारतीय संयुक्त परिवार व्यवस्था की प्रमुख विशेषताओं की चर्चा करें।

14. बाजार किस प्रकार एक सामाजिक संस्था है ?

15. नातेदारी की श्रेणियों की व्याख्या करें।

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..

BiharboardQuestionpaper.com